F-r n/a 1. Dr. Parihar Urmila Mulchand
2. Sh. Dana Ram
29/8/2018

**राजस्थान सरकार**

**आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर**

क्रमांक :प.8(विविध)एनएसएस / 2016 / 445 दिनांक : 28.8.18

प्राचार्य
समस्त राजकीय / निजी महाविद्यालय
राजस्थान।

विषय :— केरल राज्य के बाढ़ पीड़ितों की सहायता बाबत।
संदर्भ :— राज्य संपर्क अधिकारी कार्यालय का पत्रांक प.2(9)शिक्षा / 4अ / 2017 दिनांक 23.8.2018

विदित है कि केरल राज्य में बाढ़ की विभीषिका से बड़ी मात्रा में जान—माल का नुकसान हुआ है। केरल का जनमानस बेहद कठिनाई के दौर से गुजर रहा है। केन्द्र एवं अनेक राज्यों की सरकार विभिन्न प्रकार से केरल के लोगों की मदद कर रही हैं और अनेक सामाजिक संगठनों के साथ—साथ आम लोग भी केरल में आई इस प्राकृतिक आपदा से निपटने हेतु मदद पहुँचा रहे हैं। एन.एस.एस. संगठन की ओर से भी विभिन्न प्रकार से केरल राज्य को मदद दी जा रही है।

राजस्थान राज्य में बड़ी संख्या में एन.एस.एस. के स्वयंसेवक कार्यरत हैं। हम सबकी संवेदना निश्चित रूप से केरल के लोगों के साथ है। अतः सभी प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी स्वयंसेवकों को इस सेवा कार्य हेतु प्रेरित करें एवं स्वयंसेवकों को प्राचार्य द्वारा सील किये गये डिब्बे प्रदान कर इनके माध्यम से केरल में बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ धन संग्रह कराया जाकर प्राचार्य की उपस्थिति में डिब्बे खोलकर प्राप्त धनराशि "Chief Minister's Distress Relief Fund, Thiruvananthapuram, Kerala" के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट बनवाकर सीधे ही केरल राज्य को भिजवाये जाने की व्यवस्था कराने का श्रम करें। राशि ऑन लाईन भी उक्त फण्ड में भिजवाई जा सकती है।

( आशुतोष ए.टी. पेडणेकर )
आयुक्त, कालेज शिक्षा एवं
शासन सचिव, उच्च शिक्षा राजस्थान
दिनांक : 28-8-18

क्रमांक :प.8(विविध)एनएसएस / 2016 / 445

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—

1. राज्य सम्पर्क अधिकारी, शिक्षा (ग्रुप—4अ) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. वेब प्रभारी.आकाशि, जयपुर।

28/8/18

(डॉ0 ज्योत्स्ना भारद्वाज)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

पत्र-प्राप्ति
क्रमांक 496
दिनांक 29/8/18

## जकीय महाविद्यालय शिवगंज (जिला–सिरोही) 307027

दिनांक :

## प्रेस नोट

(महाविद्यालय में केरल आपदा आर्थिक सहयोग एवं एन.एस.एस. आमुखीकरण कार्यक्रम)

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ बच्चूसिह सिनसिनवार की अध्यक्षता में केरल आपदा हेतु आर्थिक सहयोग के चन्दा एकत्रण व एन.एस.एस. स्वयंसेवको हेतु आमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियो ने बढचढ कर भाग लिया तथा चन्दा राशि डोनेट की। प्राचार्य ने विद्यार्थियों को प्राकृतिक आपदा के दौरान अधिकाधिक सहयोग करने हेतु हमेशा तत्पर रहने को प्रेरित किया तथा अभी केरल बाढ पीडितो हेतु अधिकाधिक आर्थिक सहयोग करने का आह्वान किया। प्राचार्य ने स्वयंसेवको को समाज की मुख्यधारा से जुडते हुए सर्वागीण विकास करने पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ परिहार उर्मिला मूलचन्द ने एन.एस.एस. गतिविधियों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक द्विवसीय शिविर, सात दिवसीय विशेष शिविर, योग, स्वच्छता अभियान, बालिका शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी श्री दानाराम ने पर्यावरण संरक्षण, पौध–रोपण, ग्रामीण स्वच्छता मिशन इत्यादि पर विस्तार से जानकारी दी। स्वयंसेविका हर्षिता कवंर, दिव्या कुमारी, रंजन ...र्मा, हिना, खुशबु ने भी अपने विचार रखे।

प्राचार्य

प्राचार्य
सं.मा.पु.पू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शि

## गृह (ग्रुप–5) विभाग

क्रमांकः–प.2(16)गृह–5/2007 जयपुर, दिनांक :06.11.2018

समस्त जिला मजिस्ट्रेट,
समस्त जिला पुलिस अधीक्षक/पुलिस उपायुक्त,
राजस्थान।

विषय :– साम्प्रदायिक दंगों में अनाथ हुये बच्चों को आर्थिक सहायता देने हेतु राशि एकत्रित करने एवं दिनांक 19 से 25 नवम्बर, 2018 झण्डा सप्ताह एवं दिनांक 22.11.2018 को झण्डा दिवस मनाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निर्देशानुसार लेख है कि राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान, नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष झण्डा सप्ताह सामम्प्रदायिक सदभावना अभियान सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 19 से 25 नवम्बर को झण्डा सप्ताह मनाया जाता है। पूर्व के भांति इस वर्ष भी साम्प्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 19 से 25 नवम्बर 2018 को झण्डा सप्ताह तथा 22 नवम्बर 2018 को झण्डा दिवस मनाया जायेगा। झण्डा द्विवस साम्प्रदायिक सद्भावना एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश देता है एवं राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान की योजना एवं परियोजनाओं के कियान्वयन हेतु प्रतिष्ठान के कोष में वृद्धि भी करता है।

साम्प्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन देने तथा प्रतिष्ठान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कोष में वृद्धि में मदद करने में आपसे पूरे सहयोग की आशा है।

अतः राष्ट्रीय साम्प्रदायिक सद्भाव प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के पत्रांक 5/3/2018–NFCH दिनांक 15.10.2018 की प्रति संलग्न कर निर्देशानुसार लेख है कि कृपया राष्ट्रीय साम्प्रदायिक संद्भाव प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के उपरोक्त पत्र के अनुसार समुचित कार्यवाही करने का श्रम करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

— Sd —

(रवि शर्मा)
शासन उप सचिव
गृह (सुरक्षा) विभाग

---

आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक एफ 8(युवा)अकाद/आकाशि/16/597 दिनांक 20 नवम्बर, 2018

1. प्राचार्य, समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय को भेजकर लेख है कि उक्तानुसार कार्यवाही करें।
2. शासन उपसचिव, गृह (सुरक्षा) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर
3. वेब प्रभारी, आकाशि, जयपुर को अपलोड करने हेतु

( डॉ0 अरूण कुमार रघुवंशी )
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

सं॰ मा॰ पू॰ श्री॰ जैन॰ राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (सिरोही)

- एन॰ एस॰ एस॰ सूचना - दिनांक:- 17/11/2018

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के समस्त स्वयं सेवकों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 19/11/2018 से 25/11/2018 तक राष्ट्रीय एकता सप्ताह (कौमी एकता सप्ताह) का आयोजन महाविद्यालय में किया जायेगा। साथ ही दिनांक 22/11/2018 को साम्प्रदायिक दंगों में अनाथ हुये बच्चों की आर्थिक सहायता देने हेतु झण्डा दिवस का भी आयोजन किया जायेगा। अत: सभी कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों की उपस्थिति अनिवार्य है।

(डॉ॰ परिहार उर्मिला मूलचन्द)
कार्यक्रम अधिकारी - इकाई प्रथम

(दानाराम)
कार्यक्रम अधिकारी - इकाई द्वितीय

प्राचार्य
प्राचार्य
सं॰मा॰पू॰भूजैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

O/C

सं.मा.पू.मू. जैन राजकीय महाविद्यालय शिवगंज (सिरोही)

दिनांक:- 22/11/2018

- ! प्रेस नॉट ! -

## "महाविद्यालय में झण्डा दिवस मनाया"

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आज सेमिनार हॉल में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. बच्चू सिंह सिनसिनवार की उपस्थिति में 'कौमी एकता सप्ताह' के अन्तर्गत 'साम्प्रदायिक दंगों में अनाथ हुए बच्चों' के लिए आर्थिक सहायता एकत्रित करने हेतु झण्डा दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवकों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

कार्यक्रम के शुरुआत में कार्यवाहक प्राचार्य ने साम्प्रदायिक दंगों व हिंसा में पीड़ित अनाथ बच्चों की आर्थिक सहायता हेतु स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की। इसी क्रम में युवा कौशल प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. नरपत सिंह देवड़ा ने स्वयं-सेवकों को महाविद्यालय के विद्यार्थियों व अन्य लोगों से चंदा राशि एकत्रित करने हेतु आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. परिहार उर्मिला मूलचन्द ने धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र भारत में साम्प्रदायिकता सबसे बड़ी लोकतंत्र की चुनौती बताते हुए, दंगा पीड़ित बच्चों को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए भारत सरकार के प्रयासों में आर्थिक सहयोग अधिकाधिक करने के पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। अन्त में स्वयं सेवकों ने अधिकाधिक स्टीकर खरीदकर अनाथ बच्चों हेतु आर्थिक सहयोग दिया। कार्यक्रम में छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल कुमावत व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्री दमाराम ने किया।

O/C

प्राचार्य

प्राचार्य

सं.मा.पू.मू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिव

# सं.मा.पू.भू.जैन. राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज, जिला – सिरोही

दिनांक 18.12.2021

## आवश्यक सूचना

महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम व द्वितीय के सूचिनुसार चयनित स्वयं सेवक व सेविकाओं को सूचित किया जाता है कि एन.एस.एस के विशेष सात दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 22.12.2021 (बुधवार) से दिनांक 28.12.2021 तक गोद ली बस्ती रेबारी वास बडगांव व महाविद्यालय परिस्र में किया जायेगा। अतः सभी स्वंय सेवक एवं सेविकाऐं महाविद्यालय के परिसर में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दे।

समय – प्रातः 8:00 बजें

संलग्न –

1. एन.एस.एस इकाई प्रथम की सूची
2. एन.एस.एस इकाई द्वितीय की सूची

प्राचार्य
सं.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय, शिवगंज

कैलाश चन्द्र परमार

कार्यक्रम अधिकारी यूनिट प्रथम

Deeksha Meena

दीक्षा मीना

कार्यक्रम अधिकारी यूनिट द्वितीय

# स.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यायल शिवगंज जिला सिरोही 307027

दिनांक – 23.12.2021

## प्रेस–नोट

## "एन.एस.एस शिविर में कोराना जागरूकता रैली का आयोजन"

राजकीय महाविद्यालय शिवगंज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन कोराना महामारी एवं विभिन्न सामाजिक कुरितियों के प्रति समाज में जागरूगता पैदा करने के उद्देश्य से स्वयं सेवको द्वारा रैली का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय परिसर में प्राचार्य डॉ. नरपतसिंह देवडा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रैली को रवाना किया गया। तत्पश्चात रैली हिरागर वाडी गोकुल वाडी, शीतला चौक होते हुए बड़गांव स्थित रेबारियों के मोहल्ले में जाकर समाप्त हुई। रैली में स्वयं सेवको ने पूरे जोश से दो गज दुरी – मास्क है जरूरी, बेटी बचाओ – बेटी पढाओं, रक्त दान – महादान, लोकतन्त्र को बचाना है – वोट देने जाना है इत्यादी नारे लगाते हुए जनजागृति का प्रयास किया।

तत्पश्चात स्वयं सेवको ने कार्यक्रम अधिकारी कैलाश चन्द्र परमार व सुश्री दीक्षा मीना के निर्देशन में गोद ली हुई बस्ती रेबारियों का वास बड़गांव में घर – घर जाकर विभिन्न परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक सर्वेक्षण किया तथा पुनः महाविद्यालय लौटकर प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण किया। स्वयं सेवको ने भोजन अवकाश के पश्चात् महाविद्यालय परिसर में श्रमदान एवं पौधा को पानी पिलाने का कार्य भी किया।

प्राचार्य

प्राचार्य

स.मा.पू.भू.जैन राजकीय महाविद्यालय शि

